
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

02 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

बदला लेने से मनुष्य अपने शत्रु के समान हो जाता है।

**बेकन**



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# दिवस ज्ञान

02 जनवरी

विक्रम संवत् 2081, पौष माह, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, गुरूवार 02 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"यदि अवसर का लाभ न उठाया जाए, तो योग्यता का कोई मूल्य नहीं होता है।"

–नेपोलियन बोनापार्ट

"Ability is of little account without opportunity."

-Napolean Bonapart

## आज के दिन

1839– फ्रांसीसी फोटोग्राफर लुई दागुएरे ने चाँद को पहली फोटो प्रदर्शित की।

1879– ऑस्ट्रेलिया के फ्रेड स्पोफोर्थ मेलबर्न क्रिकेट मैदान में खेले गए टेस्ट मैच मे हैट्रिक लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने।

1906– विलिस कैरियर ने दुनिया के पहले एयर कंडीशनर के लिए अमेरिकी पेटेंट प्राप्त किया।




1. **भारत रत्न पुरस्कार की स्थापना**– 2 जनवरी, 1954 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा दो नागरिक पुरस्कारों भारत रत्न तथा पद्म विभूषण की स्थापना की गई थी। 'भारत रत्न' भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान कला, साहित्य, विज्ञान या सार्वजनिक उद्यम के क्षेत्र में उत्कृष्ट राष्ट्रीय सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को अपने जीवन में कुछ अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उन्हें भारत रत्न सम्मान से सम्मानित व्यक्तियों के बारे में बतायें।

2. **मौलाना मजहरूल हक का निधन**– मौलाना मजहरूल हक का जन्म बिहार के पटना जिले में 22 दिसम्बर, 1866 ई. को हुआ था। मौलाना मजहरूल हक एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रखर शिक्षाविद् और लेखक थे। उन्होंने सन् 1917 के महात्मा गांधी के चम्पारण सत्याग्रह में भाग लिया। हक ने असहयोग आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभायी थी। वे असहयोग आंदोलन, खिलाफत आंदोलन और होमरूल लीग आंदोलन के समर्थक भी रहे थे।
   - **संदर्भ:** बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12, पृष्ठ 200** के साथ जोड़कर बतायें।

3. **अलाउद्दीन खिलजी का निधन**– 2 जनवरी, 1316 ई. को अलाउद्दीन खिलजी का निधन दिल्ली में जलोदर रोग से हुई थी। अलाउद्दीन, खिलजी वंश का दूसरा शासक था। 1299 ई. में रणथम्भौर विजय, 1302 ई. में मेवाड़ विजय, 1307–08 में देवगिरि पर आक्रमण किया। 1305 ई. तक कश्मीर, नेपाल और असम को छोड़कर शेष पूरे उत्तर भारत पर अलाउद्दीन का आधिपत्य हो गया था। अलाउद्दीन ने सीरी नामक एक नए शहर की स्थापना भी करवाया था। मेहरौली (दिल्ली) में 'अलाई दरवाजा' का निर्माण भी करवाया। उसने 'सितार' वाद्ययंत्र का आविष्कार किया जो प्राचीन वीणा का एक परिवर्तित रूप था। उसने सस्ते बाजार का प्रबंध किया, जहाँ आवश्यकता की चीजें सस्ते मूल्य पर मिलती थी। कोई व्यापारी निर्धारित मूल्य से एक कौड़ी अधिक लेने का साहस नहीं कर सकता था। सभी वस्तुएं निर्धारित मूल्य पर ही बिकती थी। उसने सैनिक अफसरों की निजी सेना रखने की प्रथा समाप्त कर दी। सैनिकों को राजकोष से वेतन दिया जाने लगा। प्रांतों के हाकिम निर्धारित संख्या से कम घोड़े न रखे, इसके लिए अलाउद्दीन ने घोड़ों को दागने की प्रथा शुरू की थी।
   - **संदर्भ:** बच्चों को **अतीत से वर्तमान भाग 2, अध्याय 3** के संदर्भ में अलाउद्दीन खिलजी के बारे में बतायें।

4. **कवि जैनेन्द्र का जन्म** – कवि जैनेन्द्र का जन्म 2 जनवरी, 1905 ई. में अलीगढ़ के कौड़ियागंज गांव में एक मध्यम परिवार में हुआ था। इनके बचपन का नाम आनंदीलाल था। बाल्यावस्था में ही इनके पिता का देहान्त हो गया। इनकी शिक्षा जैन गुरूकुल ऋषि ब्रह्मचर्याश्रम, हस्तिनापुर से आरंभ हुई। मैट्रिक पास करने के बाद ये हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी में दाखिला लिये। किन्तु महात्मा गाँधी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के क्रम में इनका पढ़ाई छुट गया। उन्हें आंदोलन में सक्रिय भाग लेने के कारण कई बार जेल भी जाना पड़ा। जैनेन्द्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। 'कल्याणी', 'परख', 'सुनीता', 'त्यागपत्र' आदि इनके प्रमुख उपान्यास हैं। 'एक रात', 'स्पर्धा', 'जय सन्धि', 'ध्रुव यात्रा', 'नीलम देश की राजकन्या', 'दो चिड़िया' आदि इनके प्रमुख कहानियां हैं। इसके अतिरिक्त जैनेन्द्र ने कुछ निबंध भी लिखे हैं। इन्हें पद्म भूषण पुरस्कार (1971 ई.) और साहित्य भूषण पुरस्कार (1979 ई.) से सम्मानित किया गया।

# दिवस विशेष 2 जनवरी


मधु प्रिया


## भारत रत्न पुरस्कार स्थापना 2 जनवरी




भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल है। इस सम्मान की स्थापना 2 जनवरी 1954 में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री राजेंद्र प्रसाद द्वारा की गई थी। अन्य अलंकरणों के समान इस सम्मान को भी नाम के साथ पदवी के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता। प्रारम्भ में इस सम्मान को मरणोपरांत देने का प्रावधान नहीं था, यह प्रावधान 1955 में बाद में जोड़ा गया। तत्पश्चात् 15 व्यक्तियों को यह सम्मान मरणोपरांत प्रदान किया गया। एक वर्ष में अधिकतम तीन व्यक्तियों को ही भारत रत्न दिया जा सकता है। उल्लेखनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले सम्मानों में भारत रत्न के पश्चात् क्रमशः पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री हैं। श्री सचिन तेंदुलकर जी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन को भारत रत्न प्राप्त हुआ है और वह भारत रत्न प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी हैं इसके पश्चात भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई जी को भी प्राप्त हुआ है। यह उनको भारत को समर्पित अत्यंत प्रभावशाली राजनीतिक जीवन के लिए दिया गया है।

# दिवस प्रेरणा 2



## जैनेन्द्र

( भारतीय गद्यकार एवं कवि)

## बचपन में पिता का निधन हो गया ...

### संघर्ष

जैनेन्द्र का जन्म 2 जनवरी, 1905 में अलीगढ़ के एक मध्यम परिवार में हुआ था। जब वे 2 वर्ष के थे तो उनके पिता का देहान्त हो गया। इनकी शिक्षा जैन गुरूकुल ऋषि ब्रह्मचर्याश्रम, हस्तिनापुर से आरंभ हुई। मैट्रिक पास करने के बाद ये हिन्दू विश्वविद्यालय, काशी में दाखिला लिये। किन्तु महात्मा गाँधी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के क्रम में इनका पढ़ाई छुट गया। उन्हें आंदोलन में सक्रिय भाग लेने के कारण कई बार जेल भी जाना पड़ा।

### सफलता

जैनेन्द्र बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। इनकी पहली कहानी सन् 1928 ई. में "खेल" शीर्षक से "विशाल भारत" में प्रकाशित हुई. सन् 1929 ई. में इनका पहला उपन्यास 'परख' नाम से प्रकाशित हुआ, जिस पर 'हिन्दुस्तानी अकादमी' ने 500 रूपये का पुरस्कार प्रदान किया. 'कल्याणी', 'परख', 'सुनीता', 'त्यागपत्र' आदि इनके प्रमुख उपान्यास हैं। 'एक रात', 'स्पर्धा', 'जय सन्धि', 'ध्रुव यात्रा', 'नीलम देश की राजकन्या', 'दो चिड़िया' आदि इनके प्रमुख कहानियां हैं। वर्ष 1971 में पद्मभूषण तथा 1979 ई. में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org




**सफ़दर हाशमी** *Safdar Hashmi*, जन्म: 12 अप्रॅल, 1954; मृत्यु: 2 जनवरी, 1989) एक मार्क्सवादी नाटककार, कलाकार, निर्देशक, गीतकार और कलाविद थे। सफ़दर हाशमी को नुक्कड़ नाटक के साथ जुड़ाव के लिए जाना जाता है। सफ़दर हाशमी 'जन नाट्य मंच' और दिल्ली में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एस.एफ.आई.) के संस्थापक सदस्य थे। जन नाट्य मंच की नींव भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) से अलग हटकर 1973 में रखी गई थी।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

## शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 02.01.2025

### लोगोग्राफिक पठन

लोगोग्राफ़िक पठन, बच्चों को अपने नाम को आकृति के रूप में पहचानने, पढ़ने, और कहीं भी लिखा हो, उसे पहचानने का तरीका है. इसमें, बच्चों को वर्णों को तोड़कर और जोड़कर शब्द बनाने की अवधारणा समझाई जाती है. इसके बाद, बच्चों को अपना नाम लिखने के लिए ब्लैक बोर्ड पर अलग-अलग खंडों में लिखा जाता है. फिर, बच्चों को अपनी कॉपी में भी अपना नाम लिखा जाता है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
भूटान का पारो हवाई अड्डा देश का एकमात्र हवाई अड्डा है और इस दुनिया का सबसे खतरनाक हवाई अड्डे में गिना जाता है। यह हवाई अड्डा समुद्र तल से 7332 फीट ऊंचा है और 18000 फीट ऊंची पर्वत चोटियों से घिरा हुआ है।
www.teachersofbihar.org

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाने वाले यंगेस्ट इंडियन


| प्लेयर | उम्र | जगह |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 18 साल 253 दिन | सिडनी |
| सचिन तेंदुलकर | 18 साल 283 दिन | पर्थ |
| ऋषभ पंत | 21 साल 91 दिन | सिडनी |
| नीतीश रेड्डी | 21 साल 214 दिन | मेलबर्न |

## ऑस्ट्रेलिया में 8वें विकेट के लिए साझेदारी (इंडियन प्लेयर्स)

| प्लेयर | रन | साल |
|---|---|---|
| सचिन-हरभजन | 129 | 2008 |
| नीतीश-वाशिंगटन | 127 | 2024 |
| हरभजन-कुंबले | 107 | 2008 |

## भारत के बाहर 8वें विकेट की साझेदारी (इंडियन प्लेयर्स)

| प्लेयर | रन | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| द्रविड़-श्रीनाथ | 144 | न्यूज़ीलैंड | 1999 |
| सचिन-हरभजन | 129 | ऑस्ट्रेलिया | 2008 |
| नीतीश-सुंदर | 127 | ऑस्ट्रेलिया | 2024 |




राकेश कुमार

# माह जनवरी






| | |
|---|---|
| 11 जनवरी | लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि  |
| 12 जनवरी | स्वामी विवेकानंद जयंती / विश्व युवा दिवस  |
| 15 जनवरी | भारतीय थल सेना दिवस  |
| 23 जनवरी | सुभाष चंद्र बोस जयंती  |
| 26 जनवरी | गणतंत्र दिवस  |
| 30 जनवरी | शहीद दिवस / महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि  |

यह दिवस / जयंती बच्चों को जो स्कूल डायरी दी गई है उस पर आधारित है।

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 486

**यदि दो रेखाएं परस्पर प्रतिच्छेद करती हैं तो निम्न में से कौन सा कोण बराबर होता हैं?**

A. एकांतर कोण

B. संगत कोण

C. शीर्षाभिमुख कोण

D. रैखिक युग्म कोण



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: C

# TOB बूझो तो जानें..



471

शंकर जी का हूँ मैं प्यारा, सबको मेरा रंग रूप सुहाए। मैं हूँ नभ पर खग काया, कोई है जो मेरा नाम बताए... बुझो तो जानें ?





संजय कुमार

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

राकेश कुमार


## माह: जनवरी 2025

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक 04.01.2025 | शीतलहर तूफान से खतरे एवं इसके उपाय के बारे में जानकारी  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक 11.01.2025 | रेल / सड़क दुर्घटना से खतरे एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक 18.01.2025 | भूकंप के संदर्भ में कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा अभ्यास ( मॉकड्रिल )  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक 25.01.2025 | बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल शोषण तथा बच्चों से छेड़छाड़ के सन्दर्भ में जानकारी   |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बुला चौधरी
जन्म 2 जनवरी 1970
Madhu priya
/teachersofbihar



# सफदर हाशमी

12 अप्रैल 1954-2 जनवरी 1989

## पुण्यतिथि पर नमन।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya



Teachers of Bihar
The change makers
टीचर्स ऑफ़ बिहार न्यूज़ टीम
TOB NEWS
HAPPY NEW YEAR 2025
शिव कुमार
पटना
निधि कुमारी
किशनगंज
केशव कुमार
मुजफ्फरपुर
मृत्युंजय ठाकुर
पूर्वी चम्पारण
विप्लव कुमार
कटिहार
मृत्युंजम
कटिहार
बक्सर
ऋतुराज जयसवाल
समस्तीपुर
ठाकुर धीरेन्द्र
अररिया
गणेश तिवारी
अररिया
कैमूर
धीरज कुमार
कैमूर
कुमारी गुड्डी
किशनगंज
मधु प्रिया
अररिया
दीप्ति अंशु
पटना
वंदना
कटिहार
पुष्पा प्रसाद
गोपालगंज
मेरी आडलीन
प० चम्पारण
निभा सिंह
अररिया
खुशबु कुमारी
भागलपुर
रिजवाना यासमीन
मुजफ्फरपुर
रंजय कुमार राजन
अररिया
शिवेंद्र कुमार सुमन
पटना
इमरोज अली
गया
मो० नसीम अख्तर
वैशाली
अनिल कुमार प्रभाकर
समस्तीपुर
ओमप्रकाश
भागलपुर
By Prahlad Rajak